निरीक्षण — नगर निगम आयुक्त ने किया जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण, स्थाई समाधान के निर्देश


# जलभराव संभावित क्षेत्र पहुंचीं आयुक्त



**नवभारत, कटनी।** बारिश शुरू होने से पहले ही शहर को जलभराव से बचाने के लिए नगर निगम प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने शहर के संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा कर नालों और जल निकासी व्यवस्था की जमीनी स्थिति का निरीक्षण किया। अधिकारियों को समय रहते व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। मानसून को देखते हुए शहर में संभावित जलभराव वाले इलाकों पर विशेष फोकस किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जयप्रकाश वार्ड, जगमोहन दास वार्ड और रघुनाथ गंज वार्ड के प्रमुख नालों की स्थिति देखी गई। निगमायुक्त ने शहीद द्वार क्षेत्र, गांधीगंज, आदर्श कॉलोनी, गिरिजा घाट, कटनी पब्लिक स्कूल के पास, संतनगर सहित कई स्थानों पर जल निकासी की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई नालों में जमा सिल्ट और कचरे को जल प्रवाह में बाधा का प्रमुख कारण पाया गया। इस पर निगमायुक्त ने तत्काल सफाई, अवरोध हटाने के निर्देश देते हुए स्पष्ट कहा कि सफाई सिर्फ औपचारिक अभियान नहीं बल्कि लगातार चलने वाली प्रक्रिया होनी चाहिए। उन्होंने पुराने जलभराव प्रभावित क्षेत्रों की नियमित मॉनिटरिंग, अतिक्रमण हटाने और स्वास्थ्य व लोक निर्माण शाखा के बीच समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि बारिश शुरू होने से पहले सभी संवेदनशील बिंदुओं पर कार्य पूर्ण कर लिया जाए ताकि नागरिकों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। निरीक्षण में लोक निर्माण एवं स्वास्थ्य शाखा के अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक और वार्ड अमला भी मौजूद रहा। नगर निगम का दावा है कि मानसून से पहले चलाया जा रहा अभियान से शहर में जलभराव की समस्या का समाधान किया जा रहा है।

## तहसीलदार को बरही नगर परिषद का अतिरिक्त प्रभार

**नवभारत, कटनी।** नगर परिषद बरही की प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। इसके तहत कलेक्टर ने नगर परिषद बरही का अतिरिक्त प्रभार तहसीलदार बरही आदित्य प्रकाश द्विवेदी को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ सौंपा है। उल्लेखनीय है कि प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद बरही रामशिरोमणि त्रिपाठी को स्वास्थ्य कारणों से 11 अप्रैल 2026 से 08 मई 2026 तक 28 दिवस का लघुकृत अवकाश स्वीकृत किया गया है। रामकिशरोमणी त्रिपाठी की अवकाश अवधि के दौरान पूर्व में नगर परिषद बरही का प्रभार मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद कैमोर मनीष परते को सौंपा गया था। लेकिन प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से अब यह व्यवस्था परिवर्तित करते हुए नगर परिषद बरही का अतिरिक्त प्रभार तहसीलदार बरही आदित्य प्रकाश द्विवेदी को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ सौंपा गया है।



# सरकारी स्कूल की मांग लेकर सौंपा गया ज्ञापन

आम आदमी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**नवभारत, कटनी।** जिले के चरगवा गांव में शासकीय हाई स्कूल की स्थापना की मांग को लेकर मंगलवार को आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में काफी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक और छात्र कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और जल्द स्कूल स्वीकृत नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने बताया कि चरगवा क्षेत्र में सिर्फ माध्यमिक स्तर तक ही शिक्षा की सुविधा उपलब्ध है। हाई स्कूल नहीं होने के कारण कक्षा 9वीं और 10वीं की पढ़ाई के लिए बच्चों को लगभग 8 किलोमीटर दूर घुघरा, देवरी और कोडियां जैसे गांवों में जाना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण परिवहन सुविधा भी पर्याप्त नहीं है। ऐसे में छात्र-छात्राओं को रोजाना लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इसका सबसे ज्यादा असर बालिकाओं की पढ़ाई पर पड़ रहा है। अभिभावकों ने कहा कि दूरी और सुरक्षा कारणों से कई परिवार अपनी बेटियों को बाहर पढ़ने नहीं भेज पाते। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए रोजाना आवागमन का खर्च उठाना भी मुश्किल हो जाता है, जिसके चलते कई छात्राएं बीच में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि चरगवा के साथ पाली, पुरा, पहरुआ और सल्हना सहित आसपास के कई गांवों के विद्यार्थी भी यहां शिक्षा के लिए आते हैं। ऐसे में हाई स्कूल की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। ज्ञापन के दौरान अनिल सिंह सेंगर, सुशील सिंह, धर्मेंद्र सिंह राणा, धर्मेंद्र सिंह, सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### खदान के पास मिला अज्ञात युवक का शव

**नवभारत, कटनी।** रंगनाथ थाना अंतर्गत बरगवां क्षेत्र स्थित एक पुरानी खदान के पास एक युवक को शव मिलने से सनसनी फैल गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि बरगवां स्थित आस्था प्लाजा के पीछे पुरानी खदान के पास ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में देखा था। पास जाकर देखने पर पता चला कि उसकी मौत हो गई है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का मौका मुआएना किया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए कटनी जिला अस्पताल भेज दिया है। रंगनाथ थाना प्रभारी अरुणपाल सिंह ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। मृतक की पहचान के लिए पुलिस आसपास के सभी थानों से संपर्क कर रही है और हाल ही में दर्ज हुई गुमशुदगी की रिपोर्टों का मिलान किया जा रहा है। पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। फिलहाल मृतक कौन है इस बात की जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस जांच कर रही है।

# आदिवासी परिवारों ने की भू अधिकारी पट्टे की मांग

कलेक्ट्रेट पहुंचकर विस्थापित परिवारों ने किया प्रदर्शन



**नवभारत, कटनी।** कलेक्ट्रेट में बाणसागर परियोजना से विस्थापित आदिवासी परिवारों ने भू-अधिकार पट्टे की मांग की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। कलेक्ट्रेट पहुंचे आदिवासी परिवार विजयराघवगढ़ क्षेत्र के बरनमोहनगवा निवासी है। काफी समय से इनके द्वारा भू अधिकारी पट्टे की मांग की जा रही है। इस बार आदिवासी परिवारों के सदस्यों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि उन्हें भूमि का अधिकारी नहीं दिया गया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। छोटू कोल ने बताया कि एक महीने पहले हजारों विस्थापितों ने इटमा, बदेरा और कुदरी गांवों से 70 किलोमीटर की पदयात्रा कर जिला मुख्यालय का घेराव किया था। तब जिला प्रशासन ने गांवों का निरीक्षण कर पात्रता के अनुसार पट्टे आवंटित करने का आश्वासन दिया था। हालांकि, एक माह बीत जाने के बाद भी कोई राजस्व अधिकारी मौके पर जांच के लिए नहीं पहुंचा। 500 से अधिक परिवारों को आज भी दोबारा बेदखल होने का डर सता रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि वे दशकों से इस जमीन पर काबिज हैं, लेकिन उनके पास कोई कानूनी दस्तावेज नहीं है। पट्टे नहीं होने से सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# तेज रफ्तार एंबुलेंस ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, हालत गंभीर

रीठी क्षेत्र में हुआ हादसा, घायल का इलाज अस्पताल में जारी



**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक तेज रफ्तार एंबुलेंस ने सड़क पर कहर बरपा दिया। सलैया चौकी अंतर्गत अमंगवा गांव के पास हुए इस दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंगलवार दोपहर एक तेज रफ्तार एंबुलेंस सड़क से गुजर रही थी। इसी दौरान अमंगवा गांव के पास बाइक सवार 45 वर्षीय व्यक्ति को एंबुलेंस ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार कई फीट दूर सड़क पर जा गिरा। हादसे में घायल व्यक्ति के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद ग्रामीण तत्काल मदद के लिए दौड़े और घायल को सड़क से उठाकर उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल कटनी रेफर कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण नहीं होने को लेकर नाराजगी भी जताई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर लगातार तेज रफ्तार वाहन हादसों का कारण बन रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने मामले को जांच में ले लिया है। एंबुलेंस चालक से पूछताछ की जा रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

रीठी और आसपास के क्षेत्रों में तेज रफ्तार वाहनों की वजह से सड़क हादसे लगातार बढ़ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से स्पीड कंट्रोल और सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# चलाएं जनसंपर्क अभियान, बूथ स्तर पर मजबूत करें पार्टी का संगठन

मुड़वारा मंडल में आयोजित की गई भाजपा की बैठक



**नवभारत, कटनी।** भारतीय जनता पार्टी मुड़वारा मंडल की कार्यकर्ता भेंट बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मध्यप्रदेश शासन के परिवहन, शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, भाजपा प्रदेश महामंत्री और संभाग प्रभारी राहुल कोठारी, जिला प्रभारी सुजीत जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन की उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य भाजपा मुड़वारा मडल अध्यक्ष, मडल कार्यकारिणी सदस्यों से भेंट कर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, कार्यकर्ता निर्माण को गति देना रहा। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियान को लेकर चर्चा की। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष पीताम्बर पोपटानी, पिछड़ा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, मडल अध्यक्ष संजू गर्ग, भाजपा वरिष्ठ नेता पवन शर्मा, मडल महामंत्री सुनील द्विवेदी, मडल महामंत्री नितिन बिलैया, मडल उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा, मडल उपाध्यक्ष स्वप्निल पुरवार, मडल मंत्री आदर्श रेशु टुडहा, राहुल मिश्रा, जय कुमार सोनी, संजोग गुप्ता, श्रीमती शिल्पा जैन, कार्यालय मंत्री लालजी नामदेव, सोशल मीडिया प्रभारी विजय सिंह, मण्डल कोषाध्यक्ष दीपक सेन सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में पूर्व पार्षद लक्ष्मी कोल, रजनीश सिंह, इंद्रभान पटेल, लखन पांडेय, उमा मिश्रा, मनीष मिश्रा, एसपी मिश्रा, अश्विनी मिश्रा, विजय गौतम सहित कई कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।



# पारदर्शिता और निष्पक्षता से करें समस्या का समाधान

नगर निगम में मेयर ने सुनी 30 शिकायतें, निराकरण के निर्देश

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम द्वारा आमजन की समस्याओं के तत्काल और प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से हर मंगलवार को आयोजित की जा रही महापौर जनसुनवाई नागरिकों के लिए एक सशक्त और भरोसेमंद मंच के रूप में लगातार प्रभावी साबित हो रही है। मंगलवार को मेयर इन काउंसिल सभागार में आयोजित जनसुनवाई में शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं और शिकायतों को लेकर पहुंचे। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा पेयजल, साफ-सफाई, सड़क मरम्मत, नाली निर्माण, अतिक्रमण, स्ट्रीट लाइट, राजस्व प्रकरण और अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कुल 30 आवेदन प्रस्तुत किए गए। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने जनसुनवाई में उपस्थित प्रत्येक नागरिक की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सरल, पारदर्शी, जवाबदेह व्यवस्था उपलब्ध कराना है, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। जनसुनवाई के दौरान कई आवेदनों पर मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर कार्रवाई प्रारंभ कराई गई। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि प्राप्त सभी आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करते हुए निराकरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए और नागरिकों को समाधान की जानकारी भी समय पर उपलब्ध कराई जाए। महापौर ने कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों को सीधे प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखने का अवसर मिल रहा है, जिससे समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनी है। उन्होंने आमजन से कहा कि नगर निगम द्वारा संचालित इस जनहितकारी पहल का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए जनसुनवाई में सहभागिता करें।

# फांसी पर लटकी मिली विवाहिता, हत्या का आरोप

बड़वारा थाना क्षेत्र में हुई घटना, मायके पक्ष ने लगाया आरोप



**नवभारत, कटनी।** बड़वारा थाना अंतर्गत पूर्णिया गांव में एक नवविवाहिता अपनी ससुराल में फांसी के फंदे पर लटकी मिली है। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने और साक्ष्य छिपाने का आरोप लगाया है। परिजनों ने न्याय की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार पौनिया गांव निवासी 23 वर्षीय नीलम केवट का विवाह 11 मई 2024 को पूर्णिया गांव निवासी अरविंद केवट से हुई थी। शादी के बाद से ही उसे ससुराल में मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों का आरोप है कि घटना से ठीक एक दिन पहले ससुराल पक्ष द्वारा 10 लाख रुपए नकद और एक मोटरसाइकिल की मांग की गई थी। नीलम ने फोन पर अपने परिवार को इस प्रताड़ना के बारे में बताया था। मांग पूरी नहीं होने पर नीलम के पति, सास और ससुर ने कथित तौर पर उसकी हत्या कर दी। मायके पक्ष के लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

# हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

रीठी थाना क्षेत्र में किया गया था चाकू से हमला

**नवभारत, रीठी।** जिले की रीठी पुलिस ने चाकू मारकर हत्या के प्रयास करने के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया पिक 17 अप्रैल 2026 को ग्राम देवगांव निवासी महिया बाई आदिवासी की रिपोर्ट पर रीठी थाने में मामला दर्ज किया गया था। प्रकरण की विवेचना के दौरान पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपी गोलू उर्फ गुरूदयाल आदिवासी निवासी देवगांव को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी में रीठी थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद, उप निरीक्षक दिनेश चौहान, प्रधान आरक्षक ओमशंकर शुक्ला, महेंद्र पांडेय की भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी, जिसके बाद यह सफलता मिली है। कार्रवाई से रीठी पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश गया है कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर लगातार कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। पूरी कार्रवाई एसपी के निर्देशन, एएसपी संतोष कुमार डेहरिया और एसडीओपी रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई है।

धर्म — इंदिरा नगर बाईपास स्थित फार्म हाउस में आयोजित की गई श्रीमदभागवत कथा, पहुंच रही श्रद्धालुओं की भीड़

# कथा सुन भाव विभोर होकर झमूने लगे श्रद्धालु, नंद के घर आनंद भयो से गूंजा कथा स्थल



**नवभारत,कटनी।** इंदिरा नगर बाईपास स्थित गौतम फार्म हाऊस में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव प्रसंग पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कथा के दौरान जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल भक्तिमय माहौल में डूब गया। श्रद्धालु भजन-कीर्तन पर झूम उठे और 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से वातावरण गूंजायमान हो उठा। कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण के अवतार की महिमा का वर्णन करते हुए धर्म, सत्य और भक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कथा स्थल पर आकर्षक झांकियों और मधुर भक्ति संगीत ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री श्री 1008 श्री राजगुरु श्री बदरी प्रपन्नाचार्य जी महाराज आचार्य आश्रम, नयागांव, चित्रकूट धाम ने कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया। माखन चोरी, गोपियों के साथ नटखट लीलाएं और माता यशोदा के वात्सल्य प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। श्रद्धालुओं ने कथा स्थल पर प्रभु के जयकारे लगाकर भक्ति रस का आनंद लिया। आयोजन समिति के जगत अवधप्रसाद गौतम ने बताया कि 8 मई से 15 मई 2026 तक आयोजित इस संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का समापन शुक्रवार 15 मई को विशाल भण्डारे के साथ होगा। आयोजन के प्रेषक जगत अवधप्रसाद गौतम ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा में पहुंचने और कथा सुनने के साथ ही प्रसाद ग्रहण करने की के लिए कहा है।

संगीतमय श्रीमदभागवत कथा में प्रतिदिन काफी संख्या में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। कथा व्यास द्वारा सुनाए जा रहे प्रसंगों से श्रद्धालुओं द्वारा धर्मलाभ लिया जा रहा है। कथा के दौरान भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालू भाव विभोर होकर अपने आप को झूमने से रोक नहीं पाए।

सर्व शिक्षा अभियान

## कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, कटनी


क्रमांक / जि.शि.के./वित्त/2026/Q — **निविदा सूचना** — कटनी, दिनांक :- 11/05/2026

कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र कटनी द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से आईसीटी लेब हेतु समग्री कय किया जाना है इस हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रमांक | निविदा क्रमांक | विवरण | निविदा जारी दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | BID NO:GEM/2026/B/7504629 | यूपीस, बैटरी नेटवर्किंग | 08/05/2026 |
| 2. | BID NO:GEM/2026/B/7500880 | डेक्स्टॉप कम्प्यूटर, टीव्ही प्रिन्टर | 07/02/2026 |

उपरोक्त निविदा के नियम / शर्तों के विवरण जेम पोर्टल से डाउनलोड किये जा सकते है। निविदा में होई भी संशोधन जेम पोर्टल पर अपलोड किया जावेगा, उसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं कराया जावेगा।

जिला परियोजना समन्वयक
जिला शिक्षा केन्द्र कटनी



धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन



डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनीग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024